web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Social Justice Union Govt. Registered

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 11 जुलाई 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 284

# लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर दर्दनाक हादसा : स्लीपर बस की टैंकर से भीषण भिड़ंत, 18 लोगों की मौत

**उन्नाव** | आरएनएस



उत्तर प्रदेश के उन्नाव में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर बुधवार को एक भीषण हादसा हो गया, जिसमें 18 लोगों की मौत हो गई और 19 लोग घायल बताए जा रहे हैं। उन्नाव में बांगरमऊ के क्षेत्राधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि जिले में बुधवार को लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर दिल्ली जा रही स्लीपर बस बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में हवाई पट्टी पर टैंकर से टकरा गई। हादसे 18 लोगों की मौत हो गई और 19 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है।

हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) कर्मियों ने पुलिस को हादसे की जानकारी देकर बचाव कार्य शुरू किया। इसी बीच मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से बस में फंसे लोगों को बाहर निकाला। चश्मदीदों ने बताया कि स्लीपर बस अनियंत्रित होकर टैंकर से टकरा गई, जिससे यह हादसा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस रेस्क्यू में जुट गई और उन्नाव के आला अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच गए।

बेहटा मुजावर पुलिस ने बताया कि यह हादसा आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर सुबह लगभग 5:15 बजे हुआ। बिहार से दिल्ली जा रही डबल डेकर बस के दूध के टैंकर से टक्कर होने से 18 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने सभी घायलों को बाहर निकालकर इलाज के लिए सीएचसी बांगरमऊ में भर्ती कराया है। शवों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। सीएम योगी ने हादसे का संज्ञान लिया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचने और घायलों को सही इलाज का निर्देश दिया है।

सीएम योगी ने एक्स पर पोस्ट किया, जिला उन्नाव में सडक़ दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान एवं घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

## जम्मू-कश्मीर में सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के 4 सदस्यों की मौत

**किश्तवाड़ (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़-दच्छन मार्ग पर दच्छन से आगे तंदर हॉर्नी नाले में एक कार फिसलकर खाई में गिर गई, जिससे एक और सडक़ दुर्घटना में एक परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए. दुर्घटना के समय परिवार के छह सदस्य कार में यात्रा कर रहे थे. इन छह में से चार की मौत हो गई, जिनमें एक महिला, उसकी दो बेटियां और एक नाबालिग बेटा शामिल है. पुलिस ने प्रेस रिपोर्ट में कहा कि श्रीनगर से दच्छन जा रही एक कार, जेके01के 5426, सडक़ से फिसलकर नाले में गहरी खाई में गिर गई, जिससे परिवार के तीन सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई. उन्होंने कहा कि सूचना मिलने पर स्थानीय लोग, स्वयंसेवक और पुलिस मौके पर पहुंचे और तीन शवों और तीन घायलों को खाई से निकाला और उन्हें अस्पताल पहुंचाया. हालांकि, इफ्लाल वानी की बेटी राडिया वानी नामक नाबालिग लडक़ी की मौत हो गई, जिससे मृतकों की संख्या चार हो गई. पुलिस ने इफ़्लाल वानी की पत्नी फातिमा बेगम, रिडिया वानी, मदीहिया वानी और अल्तमश वानी की पहचान की है, जो सभी सौंदर दचान के निवासी हैं. जिला अस्पताल किश्तवाड़ के अस्पताल अधिकारियों ने दो घायलों की पहचान परिवार के मुखिया इफ्लाल वानी और उनकी बेटी खदीजा वानी के रूप में की है.

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जम्मू-कश्मीर के डोडा में सुरक्षाबलों का सर्च ऑपरेशन फिर शुरू

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में बुधवार को सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन फिर से शुरू कर दिया है। यहां पर मंगलवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। अधिकारियों ने बताया कि डोडा जिले के गोली-गादी जंगलों में अंधेरे और भारी बारिश के कारण मंगलवार को सर्च अभियान रोक दिया गया था। यह बुधवार को सुबह फिर से शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि मंगलवार को क्षेत्र में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच दो घंटे से ज्यादा समय तक गोलीबारी हुई थी। बाद में आतंकवादी घने जंगलों वाले गोली-गादी क्षेत्र में भाग गए। अधिकारियों ने बताया कि सर्च ऑपरेशन फिर से शुरू कर दिया गया है। सुरक्षा बल अब जंगली इलाके में आतंकवादियों का पता लगाने में लगे हुए हैं। आतंकवादियों की तलाश के लिए मंगलवार को सेना के विशिष्ट पैरा कमांडो के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर घेराबंदी एवं तलाशी अभियान शुरू किया गया था। ड्रोन निगरानी, स्निफर डॉग्स, शार्पशूटर क्षेत्र में चल रहे अभियान का हिस्सा हैं। डोडा में मंगलवार को हुई मुठभेड़ कठुआ में सेना की गश्ती पार्टी पर घात लगाकर किए गए हमले के तुरंत बाद हुई। यह आतंकी हमला एक महीने में जम्मू में हुआ पांचवां हमला था, जिसमें पांच जवान शहीद हो गए।

### पंजाब सहित सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर मतदान शुरू, 13 को घोषित होंगे नतीजे

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पंजाब, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार समेत देश के सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए वोटिंग सुबह सात बजे से शुरू हो गई है। वोटिंग शाम छह बजे तक जारी रहेगी। नतीजे 13 जुलाई को घोषित किए जाएंगे। पंजाब में जालंधर पश्चिम सीट और मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा विधानसभा के उपचुनाव के लिए वोटिंग जारी है। वहीं, हमीरपुर के बाल स्कूल में सुबह सात बजे से मतदान प्रक्रिया शुरू होते ही लोगों ने मतदान किया। बाल स्कूल में तीन पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं, जिसमें दो पोलिंग स्टेशनों पर महिला कर्मचारी की तैनाती की गई है। निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार सोनी ने बताया कि विधानसभा उपचुनाव के लिए हमीरपुर में पूरी तरह से तैयारियां मुकम्मल कर ली गई थी। बुधवार को सुबह सात बजे से मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से शुरू हो गई है। 94 मतदान केंद्रों सुबह 4.00 बजे से ही कर्मचारी और अधिकारी तैनात कर दिए गए। बता दें कि पश्चिम बंगाल की रायगंज, राणाघाट दक्षिण, बागदा और मानिकतला पर उपचुनाव हो रहे हैं। उत्तराखंड में बद्रीनाथ और मंगलौर, पंजाब में जालंधर पश्चिम सीट के लिए मतदान हो रहा है। वहीं हिमाचल प्रदेश में देहरा, हमीरपुर और नालागढ़, बिहार में रूपौली, तमिलनाडु में विक्रवंदी, मध्य प्रदेश में अमरवाड़ा में उपचुनाव के लिए वोटिंग हो रही है। इस चुनाव में हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सिंह सुखू की पत्नी कमलेश ठाकुर समेत कई दिग्गज और कुछ नए चेहरे मैदान में हैं।

## एनआईए जांच में खुलासा : रियासी में तीर्थयात्रियों पर हुए आतंकी हमले में लश्कर-ए-तैयबा का हाथ

**नई दिल्ली/जम्मू** | आरएनएस

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में तीर्थयात्रियों पर हुए आतंकी हमले की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) जांच कर रही है। एजेंसी की जांच में हमले में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) संगठन के पाकिस्तान स्थित संचालकों की भूमिका सामने आई है।

आतंकवादियों ने 9 जून को रियासी के शिव-खोड़ी मंदिर से लौट रहे तीर्थयात्रियों की बस पर हमला कर दिया था। आतंकियों ने पहले बस के ड्राइवर की हत्या की थी। इसके बाद बस खाई में जा गिरी। आतंकियों ने करीब 20 मिनट तीर्थयात्रियों पर फायरिंग की थी, जिसमें नौ लोग मारे गए और 44 तीर्थयात्री घायल हो गए थे।

सूत्रों के अनुसार, स्थानीय निवासी हकीम खान उर्फ हकीम दीन के खिलाफ एनआईए की जांच में पता चला है कि उसने तीन आतंकवादियों की मदद की थी। यहां तक कि उसने आतंकियों के लिए रेकी भी की थी। सूत्रों ने बताया, हकीम खान तीनों आतंकवादियों के साथ हमले की जगह पर गया था। इससे पहले एक जून के बाद कम से कम तीन मौकों पर वे उसके साथ रहे थे। इस दौरान हमले की योजना बनाई जा रही थी। हकीम खान की ओर से किए गए खुलासे के बाद ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) और हाइब्रिड आतंकवादियों से जुड़े पांच स्थानों पर तलाशी ली गई। एनआईए अधिकारियों ने बताया कि हकीम खान से पूछताछ के दौरान पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के दो आकाओं सैफुल्लाह उर्फ साजिद जट्ट और अबू कताल उर्फ कताल सिंधी की भूमिका सामने आई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश के बाद 15 जून को रियासी आतंकी हमले की जांच एनआईए ने अपने हाथ में ले ली थी।

## ऑस्ट्रिया में वंदे मातरम की धुन पर पीएम मोदी का भव्य स्वागत

**नई दिल्ली** | आरएनएस



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस के बाद दो दिन के दौरे पर ऑस्ट्रिया पहुंच गए हैं। राजधानी वियना के होटल रिट्ज-कार्लटन में कलाकारों ने 'वंदे मातरम' की विशेष प्रस्तुति के साथ पीएम मोदी का भव्य स्वागत किया।

पीएम मोदी ऐतिहासिक यात्रा पर मंगलवार को ऑस्ट्रिया पहुंचे। नरेंद्र मोदी 41 वर्षों में इस देश का दौरा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। पीएम मोदी के आगमन पर ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। इसके बाद दोनों नेता रिट्ज-कार्लटन होटल पहुंचे, जहां उनका स्वागत 'वंदे मातरम' के विशेष प्रदर्शन के साथ किया गया।

इस दौरान पीएम मोदी को भारतीय समुदाय के सदस्यों ने भी शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वान डेर बेलेन से मुलाकात करेंगे और बाद में चांसलर नेहमर के साथ दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा करेंगे।

ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर ने एक्स पर पीएम मोदी के साथ तस्वीर पोस्ट करते हुए कहा, वियना में आपका स्वागत है। ऑस्ट्रिया में आपका स्वागत करना हमारे लिए खुशी और सम्मान की बात है। ऑस्ट्रिया और भारत मित्र व साझेदार हैं। मैं आपकी यात्रा के दौरान हमारी राजनीतिक और आर्थिक चर्चाओं का इंतजार कर रहा हूं।

वहीं पीएम नरेंद्र मोदी ने ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर को 'गर्मजोशी से स्वागत के लिए' धन्यवाद दिया। इसके साथ ही कहा कि वह बैठक के लिए उत्सुक हैं। हमारे देश विश्व की भलाई के लिए मिलकर काम करना जारी रखेंगे।

पीएम मोदी ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में कहा, चांसलर कार्ल नेहमर, वियना में आपसे मिलकर खुशी हुई। भारत-ऑस्ट्रिया की दोस्ती मजबूत है और आने वाले समय में यह और भी मजबूत होगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऑस्ट्रिया यात्रा के दौरान दोनों देश अपने संबंधों को और मजबूत बनाने तथा विभिन्न भू-राजनीतिक चुनौतियों पर सहयोग के तरीकों पर विचार करेंगे।

सोशल मीडिया पर शेयर की गई तस्वीरों में दोनों नेताओं के बीच गर्मजोशी भरी बातचीत दिखी, जिसमें गले मिलना और कार्ल नेहमर द्वारा पीएम मोदी के साथ ली गई सेल्फी भी शामिल है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पीएम मोदी आज ऑस्ट्रिया में कई अलग-अलग कार्यकर्मों में हिस्सा लेंगे। वह वियना में उद्योगपतियों से भी मुलाकात करेंगे। इसके अलावा पीएम मोदी ऑस्ट्रिया में रह रहे भारतीय नागरिकों से भी बातचीत करेंगे।

## बद्रीनाथ हाईवे पर पातालगंगा में भयानक भूस्खलन, नेशनल हाईवे हुआ बंद

❒ **पहाड़ टूटने का डरावना वीडियो सामने आया**

**उत्तराखण्ड** | आरएनएस



उत्तराखंड में कई दिनों की भारी बारिश के बाद लोगों ने राहत की सांस ली, लेकिन बुधवार को बदरीनाथ हाईवे पर भयानक लैंडस्लाइड ने उन्हें फिर सतर्क कर दिया. ये लैंडस्लाइड पातालगंगा के पास हुआ, जिसकी वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही है. वहीं, मौसम विभाग ने बुधवार को भी तीव्र बौछारों की संभावना जताई है. चंपावत और नैनीताल में भी भारी वर्षा के आसार बने हुए हैं. वहीं चमोली जिले में बदरीनाथ हाईवे जोशीमठ के पास दूसरे दिन भी बंद है. बोल्डर हटाकर मार्ग को खोलने का काम लगातार जारी है. बुधवार को पातालगंगा में भयानक लैंडस्लाइड हुआ, जिससे हाईवे पर बनी सुरंग के मुंह पर मलबा गिर गया. इस दृश्य को देखकर वहां मौजूद लोग भयभीत हो गए. यह घटना यह दर्शाती है कि प्रकृति कितनी शक्तिशाली हो सकती है. लैंडस्लाइड के कारण रोड पूरी तरह बंद हो गई है, जिससे यातायात में बाधा उत्पन्न हो रही है.

वहीं कुमाऊं क्षेत्र में भारी वर्षा का सिलसिला जारी है. ऊधम सिंह नगर, नैनीताल और चंपावत जिलों में भारी वर्षा दर्ज की गई है. मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, प्रदेश में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं और कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की संभावना है. हरिद्वार, उत्तरकाशी, चमोली और रुद्रप्रयाग जिलों को छोडक़र अन्य जिलों में तीव्र वर्षा के एक से दो दौर हो सकते हैं.

आपको बता दें कि लैंडस्लाइड के कारण बदरीनाथ हाईवे पर यातायात बाधित हो गया है. यह मार्ग धार्मिक यात्रियों और पर्यटकों के लिए एक महत्वपूर्ण मार्ग है. प्रशासन और बचाव दल लगातार मलबा हटाने का काम कर रहे हैं, ताकि मार्ग को जल्द से जल्द खोला जा सके. लैंडस्लाइड के बाद स्थानीय प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है और किसी भी तरह की आपात स्थिति के लिए तैयार रहने का अनुरोध किया है.

मौसम विभाग की ओर से बताया गया है कि अगले कुछ दिनों में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश होने की संभावना है. इसके चलते, लोगों को सतर्क रहने और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए आवश्यक कदम उठाने की सलाह दी गई है. खासकर पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, क्योंकि वहां लैंडस्लाइड का खतरा हमेशा बना रहता है.

प्रशासन ने आपातकालीन सेवाओं को सतर्क कर दिया है और विभिन्न स्थानों पर राहत और बचाव कार्यों के लिए टीमों को तैनात किया गया है. सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में स्थिति पर नजर रखें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई करें. इसके अलावा, स्थानीय लोगों को भी सलाह दी गई है कि वे किसी भी संभावित खतरे को देखते हुए सुरक्षित स्थानों पर जाएं और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें.

## वाराणसी में बढ़ा गंगा नदी का जलस्तर, दुकानदारों की बढ़ी टेंशन

**वाराणसी (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश में बीते कुछ दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण अब नदियां उफान पर हैं। वाराणसी में गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिसके चलते गंगा किनारे रह रहे लोगों की चिंताएं बढ़ गई हैं।

दरअसल, पहाड़ी क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश से गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। पिछले एक हफ्तों में गंगा का जलस्तर चार सीढ़ी ऊपर चढ़ गया है, जिससे गंगा किनारे रहने वाले और छोटे व्यापारियों को चिंता सताने लगी है।

दुकानदार शैलेंद्र साहनी ने कहा कि जब भी गंगा नदी का जलस्तर बढ़ता है तो उन्हें अपनी दुकान को दूसरी जगह शिफ्ट करना पड़ता है। इसके कारण उनकी दुकानदारी पर भी काफी फर्क पड़ता है।

वहीं, अन्य दुकानदार वाल्मीकि निषाद ने बताया कि पिछले एक हफ्ते से तेजी के साथ पानी का जलस्तर बढ़ा है। घाट की पांच-छह सीढ़ी ऊपर तक पानी पहुंच गया है। घाट किनारे मौजूद सभी दुकानदार अपने सामान के साथ दूसरी ओर शिफ्ट हो रहे हैं। पानी के बढ़ते जलस्तर ने स्थानीय दुकानदारों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। नाविक रवि साहनी ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में गंगा के जलस्तर में बढ़ोत्तरी हुई है। गंगा का पानी बढऩे से स्थानीय लोगों के साथ-साथ यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस दौरान वह यात्रियों को पानी के पास जाने को लेकर सतर्क भी करते हैं। ताकी कोई अनहोनी घटित न हो।

## तलाकशुदा मुस्लिम महिलाएं भी पति से मांग सकती हैं गुजारा भत्ता, सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया बड़ा फैसला

**नई दिल्ली** | आरएनएस



सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसला लेते हुए कहा है कि कोई भी मुस्लिम तलाकशुदा महिला सीआरपीसी की धारा 125 के तहत गुजारे भत्ते के लिए अपने पति के खिलाफ याचिका दायर कर सकती है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टिन गॉर्ज मसीह ने फैसला सुनाते हुए कहा कि मुस्लिम महिला भरण-पोषण के लिए कानूनी अधिकार का इस्तेमाल कर सकती हैं। वो इससे संबंधित दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत याचिका दायर कर सकती हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ये धारा सभी विवाहित महिलाओं पर लागू होती है, फिर चाहे उनका धर्म कुछ भी हो। मुस्लिम महिलाएं भी इस प्रावधान का सहारा ले सकती हैं। कोर्ट ने एक बार फिर कहा है कि मुस्लिम महिला अपने पति के खिलाफ धारा 125 सीआरपीसी के तहत भरण-पोषण के लिए याचिका दायर कर सकती है।हालांकि, जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने अलग-अलग फैसला सुनाया लेकिन दोनो की राय समान है।

कई मामलों में तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ता नहीं मिल पाता है या मिलता है तो भी इद्दत की अवधि तक। इद्दत एक इस्लामिक परंपरा है। इसके अनुसार, अगर किसी महिला को उसका पति तलाक दे देता है या उसकी मौत हो जाती है तो महिला 'इद्दत' की अवधि तक दूसरी शादी नहीं कर सकती। इद्दत की अवधि करीब 3 महीने तक रहती है। ये अवधि पूरा होने के बाद तलाकशुदा मुस्लिम महिला दूसरी शादी कर सकती है।

अब्दुल समद नाम के एक मुस्लिम शख्स ने पत्नी को गुजारा भत्ता देने के तेलंगाना हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट में शख्स ने दलील दी थी कि तलाकशुदा मुस्लिम महिला सीआरपीसी की धारा 125 के तहत याचिका दायर करने की हकदार नहीं है। महिला को मुस्लिम महिला अधिनियम, 1986 अधिनियम के प्रावधानों के तहत ही चलना होगा। ऐसे में कोर्ट के सामने सवाल था कि इस केस में मुस्लिम महिला अधिनियम, 1986 को प्राथमिकता मिलनी चाहिए या सीआरपीसी की धारा 125 को।

**अमरनाथ यात्रा**

## कड़ी सुरक्षा के बीच 4,627 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था रवाना

**जम्मू** | आरएनएस



29 जून को शुरू हुई अमरनाथ यात्रा के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच बुधवार को 4,627 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था रवाना हुआ।

श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के अधिकारियों ने कहा, 4,627 यात्रियों का एक और जत्था आज जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से दो सुरक्षा काफिलों में घाटी के लिए रवाना हुआ। पहला काफिला सुबह 3.07 बजे 90 वाहनों में 1,854 यात्रियों को लेकर उत्तरी कश्मीर के बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। दूसरा, 95 वाहनों का सुरक्षा काफिला 2,773 यात्रियों को लेकर दक्षिण कश्मीर के नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप के लिए सुबह 3.33 बजे रवाना हुआ।

जम्मू संभाग के कठुआ जिले में सोमवार को हुए आतंकी हमले के बाद, अधिकारियों ने जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षा बढ़ा दी है, जिसका इस्तेमाल यात्री कश्मीर पहुंचने के लिए करते हैं।

मौसम विभाग ने दोनों यात्रा मार्गों पर आंशिक रूप से बादल छाए रहने और दिन में हल्की बारिश की संभावना जताई है।

यात्री गुफा मंदिर तक पहुंचने के लिए या तो 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम मार्ग या 14 किलोमीटर लंबे छोटे बालटाल मार्ग का इस्तेमाल करते हैं।

पहलगाम मार्ग का इस्तेमाल करने वालों को गुफा मंदिर तक पहुंचने में चार दिन लगते हैं, जबकि बालटाल मार्ग का इस्तेमाल करने वाले लोग दर्शन करने के बाद उसी दिन बेस कैंप लौट आते हैं।

समुद्र तल से 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा को दुनिया भर के लाखों हिंदू भगवान शिव के घर के रूप में पूजते हैं।

इस साल लगभग 300 किलोमीटर लंबे जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर दो बैस कैंप बनाए गए हैं और गुफा मंदिर पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं, ताकि यात्रा सुचारु और दुर्घटना मुक्त रहे।

दोनों मार्गों पर 124 से ज्यादा 'लंगर' स्थापित किए गए हैं। वहीं 7,000 से ज्यादा 'सेवादार' यात्रियों की सेवा कर रहे हैं।

यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए, रेलवे अतिरिक्त ट्रेनें चला रहा है।

दोनों मार्गों पर यात्रियों के लिए हेलीकॉप्टर सेवाएं भी उपलब्ध हैं।

अमरनाथ यात्रा 19 अगस्त को समाप्त होगी।